हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार 3 अप्रैल 2024

11 कुम्हार समाज ने ठोकी हिसार लोस से ताल



12 डबवाली बंदः किरकिरी करवा कर माना प्रशासन...



## खबर संक्षेप

### गेहूं के अवशेष जलाने पर पाबंदी, धारा 144 लागू

**सिरसा।** जिलाधीश आर.के सिंह ने जिला में गेहूं की फसल की कटाई के बाद बचे हुए अवशेषों को जलाने पर जनहित में दंड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 144 के तहत तुरंत प्रभाव से प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों की अवहेलना का दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 188 संपठित वायु एवं प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम 1981 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### युवक 30 ग्राम हेरोइन सहित काबू

**डबवाली।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट सिरसा ने गश्त के दौरान डबवाली क्षेत्र से एक युवक को 30 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट सिरसा के प्रभारी राकेश कुमार पुनिया ने बताया कि टीम गश्त के दौरान डबवाली से सिरसा की ओर आ रही थी। इस दौरान डबवाली में गुरु गोविंद सिंह स्टेडियम के समीप पहुंचे तो सामने एक युवक आता हुआ दिखाई दिया। जिसने पुलिस की गाड़ी को देखकर मौके से खिसकने का प्रयास किया। शक के आधार पर युवक को काबू कर तलाशी ली गई तो उसकी जेब से 30 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान मोहित पुत्र प्रेम सिंह निवासी वार्ड नंबर 6 भगत सिंह कॉलोनी डबवाली के रुप में हुई है।

### भवन से हजारों का सामान चोरी

**सिरसा।** शहर के जनता भवन रोड पर मार्किट कमेटी कार्यालय के समक्ष एक भवन से चोर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव रूपाणा खुर्द निवासी जयसिंह ने बताया कि मार्किट कमेटी कार्यालय के समक्ष भवन की उसने 17 फरवरी 2022 को बैंक ऑक्शन द्वारा बैंक से खरीद की थी जिसकी सैल सर्टिफिकेट व बिल्डिंग का कब्जा उसे दे दिया गया था। बिल्डिंग में काफी सामान जैसे एसी, गीजर, एलईडी, बैड, पंखे इत्यादि समान मौजूद था। सुबह उसके पास पड़ोसी दुकानदार का फोन आया कि आपकी बिल्डिंग का गेट टूटा हुआ है जिस पर वह तुरंत मौके पर पहुंचा और अंदर जाकर देखा तो उपरोक्त सामान गायब था।

### अवैध शराब सहित आरोपी दबोचा

**ओढां।** सीआईए डबवाली पुलिस टीम ने गांव किंगरे से एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से अवैध शराब की 15 बोतल बरामद की। सीआईए डबवाली प्रभारी विरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस की एक टीम गश्त के दौरान गांव किंगरे के समीप मौजूद थी। इसी दौरान एक व्यक्ति अपने बाएं कंधे पर प्लास्टिक गट्टा रखे हुए आता दिखाई दिया। शक के आधार पर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 15 बोतल अवैध शराब बरामद हुई। आरोपी की पहचान जगजीत निवासी किंगरा के रूप में हुई है।

### जिला में दो स्थानों से बाइक चोरी

**सिरसा।** जिला में अलग-अलग स्थानों से चोर दो बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में पहले मामले में रानियां के वार्ड नंबर 5 निवासी अशोक कुमार ने बताया कि वह शाम को अपनी बाइक लेकर पशुओं के बाड़े में गया था। पशुबाड़े के बाहर बाइक खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद आया तो बाइक गायब मिली। दूसरे मामले में कंगनपुर रोड निवासी हैप्पी ने बताया कि वह बीती दोपहर को अग्रसेन कॉलोनी में किसी काम से गया था। बाइक बाहर खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद आया तो बाइक गायब मिली। उसने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जिले की 7 मंडियों व 45 खरीद केन्द्रों पर होगी गेहूं की खरीद

# फतेहाबाद मंडियों में 10 अप्रैल के बाद आएगा गेहूं, आढ़तियों ने उठाई मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



प्रदेश सरकार ने गेहूं की सरकारी खरीद शुरू कर दी है। इस बार जिले की 7 मंडियों व 45 खरीद केन्द्रों पर गेहूं की खरीद की जाएगी। हालांकि मौसम में आ रहे उतार-चढ़ाव को लेकर फतेहाबाद की मंडियों में गेहूं की फसल आने में अभी 10 दिन का समय ओर लग सकता है। अनाज मंडी व्यापार मंडल के प्रधान जगदीश भादू के अनुसार आढ़तियों की अनेक मांगें हैं, उन्हें सरकार पूरी करें ताकि गेहूं सीजन में किसानों व आढ़तियों को कोई दिक्कत न आए। मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर किसानों ने अब तक 3 लाख 97 हजार एकड़ भूमि का पंजीकरण करवाया है। माना जा रहा है। 20 फीसदी किसानों ने अभी तक पोर्टल पर पंजीकरण नहीं करवाया है। ऐसे में इन किसानों को गेहूं बेचने में काफी दिक्कत आएगी। अभी तक फतेहाबाद की अनाज मंडी में धान की आवक हो रही है। पहले धान के दामों में कमी के चलते किसानों ने धान अपने घरों में स्टॉक कर रखा था। अब दामों में बढ़ोतरी होने से किसान स्टॉक किए गए धान को मंडियों में लाने लगे हैं। हालांकि मार्केट कमेटी फतेहाबाद के सचिव यशपाल मेहता का कहना है कि गेहूं के सीजन में किसानों को धान लाने से मना कर दिया जाएगा। उनका कहना है कि अभी मण्डियों में गेहूं आने में 10 दिन का समय पड़ा है। ऐसे में मंडियों में गेहूं आने तक सभी मंडियों को खाली कर लिया जाएगा। अनाज मंडी व्यापार मंडल के प्रधान जगदीश भादू के अनुसार किसानों से सरकार सरसों की खरीद डायरेक्ट कर रही है। इससे आढ़तियों को दामी का नुकसान हो रहा है। उनकी मांग है कि सरकार आढ़तियों की मार्फत सरसों खरीदे ताकि आढ़तियों का व्यापार चलता रहे। इसके अलावा गेहूं की दामी 56 रुपये बनती है लेकिन सरकार उन्हें केवल 46 रुपये दे रही है जो गलत है। आढ़तियों की मांग है कि उन्हें पूरी दामी का भुगतान किया जाए। प्रधान जगदीश भादू ने कहा कि सरकार नरमा की खरीद सीसीआई से डायरेक्ट कर रही है, जिससे उनकी दामी का नुकसान हो रहा है। सरकार नरमा की खरीद भी आढ़तियों के माध्यम से करे ताकि उन्हें दामी का नुकसान न उठाना पड़े। अनाज मण्डी में अभी धान की आवक जोरों पर है। मंडियों में अभी न सड़कें साफ है और न ही पीने के पानी की कोई व्यवस्था। अतिरिक्त अनाज मंडी में तो लाइटिंग की भी व्यवस्था नहीं है।

**10 से पहले गेहूं आने की उम्मीद नहीं**

प्रदेश सरकार की तरफ से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हो चुकी है। हमारे जिले में 10 अप्रैल से पहले गेहूं आने की कोई उम्मीद नहीं है। अभी यहां गेहूं हरी है। जिले में 45 खरीद केन्द्रों और 7 मण्डियों में गेहूं की खरीद होगी। इस बार 7 लाख एमटी गेहूं खरीद का लक्ष्य रखा गया है। बारदाना भी मण्डियों में पहुंच चुका है -विनीत जैन, डीएफएससी फतेहाबाद



जाखल। मार्किट कमेटी कार्यालय के बाहर धरना देते आढ़ती।

# आढ़तियों ने मार्केट कमेटी दफ्तर के बाहर दिया धरना

■ आढ़तियों को 2 .5 प्रतिशत पूरी दामी देनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

सरकार द्वारा सरसों की खरीद आढ़तियों के माध्यम से ना करने को लेकर प्रदेशभर के आढ़तियों में सरकार के खिलाफ रोष बढ़ता ही जा रहा है। इसी के चलते मंगलवार को जाखल मंडी के आढ़तियों द्वारा मार्केट कमेटी में धरना प्रदर्शन किया गया। मीडिया से बातचीत करते हुए आढ़तियों ने कहा कि सरकार आढ़तियों को बर्बाद करना चाहती है। आढ़तियों के माध्यम से अगर फसलों की खरीद नहीं होगी तो प्रदेशभर की मंडियां बंद हो जाएगी और आढ़ती बर्बाद होने की कगार पर पहुंच जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को किसानों की हर फसल पहले की तरह मंडी के आढ़तियों के माध्यम से खरीद करनी चाहिए और सरकार को सरसों, नरमा के साथ-साथ हर अनाज खरीद पर आढ़तियों को 2.5 प्रतिशत पूरी दामी देनी चाहिए। उन्होंने बताया कि यह धरना जाखल मंडी के कार्यालय में 2 अप्रैल से लेकर 5 अप्रैल तक धरना दिया जाएगा। आढ़ती एसोसिएशन ने बताया कि 5 अप्रैल को प्रदेश कमेटी द्वारा जो आदेश होंगे उसे लेकर आगामी कार्यवाही की जाएगी।

जब इस बारे में मार्केट कमेटी सचिव संदीप गर्ग से बात की गई तो उन्होंने बताया की सरसों की खरीद को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे है। आढ़तियों द्वारा मार्केट कमेटी में दिया जा धरना प्रदर्शन पूरी तरह से शांतिपूर्वक है। धरने को लेकर इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी गई है।

# कुशलता के अनुसार करें विकल्प का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

विद्यार्थियों और अभिभावकों की जिंदगी में 10वीं और 12वीं दो अहम पड़ाव होते हैं। इन दो पड़ावों के पार करियर को लेकर तमाम तरह के भ्रम और सवाल उनके दिमाग में होते हैं। इन्ही सब जवालों के जवाब में आज शांति निकेतन स्कूल, ढ़िंगसरा में कैरियर काउंसलिंग व कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, किरढ़ान के हैडमास्टर मनोज बैनीवाल ने मुख्यातिथि व कैरियर काउंसलर के रूप में शिरकत की। कैरियर काउंसलिंग के दौरान मनोज बैनीवाल ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं का दौर खत्म होने वाला है और इसी के साथ करियर को सही दिशा देने का वक्त भी शुरू हो चुका है।

कक्षा दसवीं के बाद आपको हायर एजुकेशन के लिए सब्जेक्ट्स चुनने होते है। अगर आप टेक्निकल फील्ड में रूचि रखते हैं तो आपको इंजीनियरिंग या नॉन मेडिकल फील्ड में अपने प्रमुख सब्जेक्ट्स और अपनी पसंद के 2 अन्य विषयों के रूप में पीसीएम यानि फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथमेटिक्स के साथ साइंस स्ट्रीम चुन सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए पहले विद्यार्थी स्वयं आत्म विश्लेषण जरुर करें कि क्या आप इस फील्ड के लिए सही हैं या नहीं।

# लंगर के लिए दिया दान भाजपा समर्थित व्यापारियों ने वापस वसूला

■ किसान यूनियन ने लगाया आरोप बाढ़ के दौरान दिया गया दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

भारतीय किसान यूनियन खेती बचाओ के प्रदेश अध्यक्ष जरनैल सिंह ने आरोप लगाया कि बाढ़ के दौरान व्यापार मंडल रतिया ने किसानों को धान की पनीरी के लंगर के लिए यूनियन को जो योगदान दिया था, अब मंडी के भाजपा समर्थित 16 व्यापारियों ने पनीरी के लंगर का पैसा यूनियन से वापस ले लिया है। आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए किसान नेताओं ने कहा कि जब रतिया क्षेत्र में बाढ़ की आपदा आई थी, उस दौरान भारतीय किसान यूनियन खेती बचाओ द्वारा किसानों की सहायता के लिए धन की पनीरी का लंगर लगाया गया था। उस समय व्यापार मंडल के प्रधान ने पनीरी के लंगर के लिए यूनियन को कुछ दान दिया था लेकिन अब अनाज मंडी में भाजपा समर्थित 16 व्यापारियों ने यूनियन को दिए गए व्यापार मंडल के दान को लेकर आपत्ति जताई है। इसी आपत्ति के चलते गत दिनों मंडी में एक मीटिंग आयोजित कर व्यापारियों ने किसान यूनियन से लंगर के लिए दिए गए पैसों को वापस मांगना शुरू कर दिया। प्रधान ने बताया कि इस बात का मुद्दा उठने के बाद उनकी यूनियन द्वारा मंडी में जाकर पनीरी के लंगर के लिए दान किए गए रुपये व्यापारियों को वापस करने शुरू किए थे लेकिन काफी व्यापारियों ने उनसे लंगर के दान के रुपये वापस नहीं लिए लेकिन फिर भी भाजपा समर्थित 16 व्यापारियों ने किसान यूनियन से रुपए वापस ले लिए। उन्होंने कहा कि लंगर में लिए दिए गए दान को कोई भी वापस नहीं मांगता लेकिन रतिया में भाजपा समर्थित 16 व्यापारियों ने पनीरी के लंगर के रुपए वापस लिए हैं। इस अवसर पर उनके साथ जिला प्रधान राजविंदर सिंह चहल, प्रवक्ता राम जाट, तेजिंदर सिंह औजला, बलविंदर सिंह, इकबाल सिंह, बेगराज अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे।



रतिया। पत्रकारों से बातचीत करते किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष जरनैल सिंह।

### व्यापारियों ने आरोपों को निराधार बताया

किसान यूनियन द्वारा 16 व्यापारियों पर पनीरी के लंगर के रुपए वापस लेने के आरोपों को व्यापार मंडल के प्रधान रूप गर्ग ने निराधार बताया है। प्रधान रूप गर्ग व व्यापारियों ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने ना तो कभी किसान यूनियन को दान दिया और ना ही रुपये वापस मांगे। रतिया अनाज मंडी के व्यापारियों ने एक व्यापारी से लाखों रुपये लेने थे जो दे नहीं रहा था। व्यापार मंडल ने 50 फ़ीसदी में समझौता करवा दिया था। व्यापारी द्वारा व्यापार मंडल को जो 50 फ़ीसदी रुपये व्यापारियों के लिए दिए गए थे, उसमें से व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने 10 फीसदी रुपये व्यापार मंडल के खर्चे के लिए काट लिए गए थे, जिस पर व्यापारियों को एतराज था और उन्होंने उसे 10 फीसदी अपने रुपए वापस मांगे थे।

### पॉर्लर आई युवती के बैग से लाखों के गहने चोरी

**फतेहाबाद।** टोहाना में ब्यूटी पॉर्लर पर तैयार होने गई एक युवती के बैग से लाखों रुपये के गहने चोरी होने का मामला सामने आया है। युवती द्वारा पुलिस को दी शिकायत में नरवाना विासी आशु देवी ने कहा है कि 1 अप्रैल की सुबह वह अपनी भाभी व बहन के साथ लक्कड़ मार्किट रोड, टोहाना स्थित एक ब्यूटी पार्लर पर तैयार होने के लिए गई हुई थी। उसके पास एक बैग था, जिसमें लहंगा, आर्टिफिशियल ज्वैलरी के अलावा सोने की बालियां, सोने का लॉकेट व चैन भी थी। उसने अपना बैग पार्लर के चैजिंग रूम में पार्लर वालों के कहने पर रख दिया था। कुछ देर बाद जब उसने अपना बैग संभाला तो देखा कि उसके बैग से सोने की चैन, लॉकेट व बालियां गायब थी। यहां से अज्ञात चोर उसके बैग से सोने के गहने चोरी कर ले गया है।

# युवाओं को नशे के खिलाफ किया जागरूक

■ काजलहेड़ी में पुलिस ने लगाया मेडिकल कैंप, नशा छोड़कर आये युवाओं को सम्भालना हम सभी का कर्तव्य : डीएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस महानिरीक्षक हिसार मंडल डॉ. एम रवि किरण द्वारा चलाए जा रहे ड्रग मुक्ति अभियान के तहत गांवों को इस सामाजिक बुराई से मुक्त करने को लेकर जिला फतेहाबाद पुलिस एसपी आस्था मोदी के नेतृत्व में न केवल नशे के अवैध धंधे से जुड़े लोगों को सलाखों के पीछे भेज रही है वहीं गांव में डोर टू डोर सर्वे कर युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा इन गांवों में समय-समय पर पुलिस द्वारा मेडिकल कैम्प लगाकर नशा छोड़ने के इच्छुक युवाओं की हर संभव सहायता कर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है। यह बात ड्रग मुक्ति अभियान के नोडल अधिकारी जयपाल सिंह डीएसपी ने गांव काजलहेड़ी में आयोजित सात दिवसीय मेडिकल कैम्प के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि नशा छोड़ने के इच्छुक युवाओं को पुलिस द्वारा नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करवाकर वहां उन्हें हर सुविधा मुहैया करवाई जा रही है। उन्होंने लोगों से नशे के खिलाफ इस मुहिम में पुलिस का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि जनता के सहयोग से ही आपका गांव पूरी तरह से नशामुक्त हो पाएगा। इस अवसर पर मौजूद ग्रामीणों को नशे से दूर रहने के लिये शपथ दिलाई गई। नशा मुक्ति टीम इंचार्ज एसआई सुन्दर लाल ने बताया कि 25 युवाओं ने इस शिविर का लाभ लिया। शिविर में उन्हें रोजाना आयुष विभाग से आए योगाचायार्ं द्वारा योग करवाया गया व इलाज किया गया। इस मौके पर गांव के विकास गोदारा, रामस्वरूप भादू, श्रवण भादू, ओमप्रकाश, सोनू व विनोद इसरवाल सहित सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। नागरिक अस्पताल से डॉ. गिरीश कुमार, मनोरोग विशेषज्ञ ने अपनी टीम के साथ नशा पीड़ितों की काउंसलिंग की और दवाएं वितरित की।



फतेहाबाद। युवाओं को नशा छोड़ने की शपथ दिलाते डीएसपी जयपाल सिंह।

# श्मशानघाट में लगाए अफीम के पौधे, दो काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ऐलनाबाद

पुलिस ने गांव ममेरां कलां के श्मशान घाट से 6 किलो 980 ग्राम अफीम के हरे पौधे बरामद कर श्मशानघाट में बने मकान में रहने वाले एक बाबा सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए ऐलनाबाद थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बाबा ब्रह्मगिरि पुत्र हरचंद सिंह निवासी ममेरा कलां तथा रोशन उर्फ बकखू राम पुत्र चेतन राम निवासी गांव ममेरा कलां जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम को गस्त के दौरान सूचना मिली थी कि ममेरा कला गांव के श्मशानघाट में बने मकान में रहने वाले बाबा ब्रह्मगिरि तथा रोशन उर्फ बखूराम ने श्मशानघाट में बने मकान की चार दीवारी के अंदर अफीम की खेती कर रखी है। थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि सूचना को पाकर ऐलनाबाद की एक पुलिस टीम ने मौका पर दबिश देकर 6 किलो 980 ग्राम अफीम के हरे पौधे बरामद कर बाबा ब्रह्मगिरि तथा रोशन उर्फ बखूराम को मौके से काबू कर लिया। ऐलनाबाद थाना प्रभारी ने बताया कि काबू किए गए दोनों आरोपियों के खिलाफ ऐलनाबाद थाना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

**मुहिम** | सोशल मीडिया पर भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा :आत्मा राम

# गीत-संगीत से मतदान के प्रति जागरूक कर रही टीम

■ सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की टीम जुटी

■ आमजन को वोट बनवाने और डालने के लिए प्रेरित कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर जागरूक करने के लिए सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की भजन मंडली टीमें क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर आमजन को वोट बनवाने के साथ ही वोट डालने के लिए प्रेरित कर रही है। कलाकार ढोलक व हारमोनियम की धुनों पर मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाले गीत गाते हुए लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। भजन मंडली कलाकारों ने सै वोट का अधिकार, इस भारत देश म्हारे मै आदि गीतों के द्वारा लोगों को जागरूक करने के कार्य में जुटी हुई हैं। भजन मंडली कलाकारों ने गांव बनगांव के आरोही मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को वोट बनवाने और वोट का शत प्रतिशत प्रयोग करने बारे जागरूक किया। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा वोट बनवाने व मतदान करने के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए स्वीप अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत विभिन्न प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों के द्वारा लोगों को जागरूक किया रहा है। डीआईपीआरओ आत्मा राम ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी के दिशा निर्देशन में चुनाव का पर्व, देश का गर्व थीम से ओतप्रोत गीतों द्वारा विभाग की टीमें शहर व गांवों के सार्वजनिक स्थलों पर जाकर प्रचार कर रही है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग की भजन मंडली के कलाकारों ने बेहतरीन धुनों के साथ गीतों को तैयार किया है जो लोगों के मनोरंजन के साथ ही जागरूक करने के उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि गीत के बोल बेहद गंभीरता के साथ लिखे गए हैं जो जनमानस को प्रभावित कर रहे हैं। वोट डालना लाइन लगाकर, अनुशासन रहो बनाकर, ना कोई होवे तकरार, सब खुशी मनावै नर और नार। ये गीत चुनाव के माहौल में समरसता फैलाने का कार्य कर रहे हैं और सार्थक संदेश दे रहे हैं कि अधिक से अधिक मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करते हुए लोकतंत्र के पर्व में शामिल होकर अपने कर्तव्य का निर्वाह करें।



**जागरूकता वाले गीत गाते कर रहे आकर्षित**

**जिले मेंचलाया जा रहा स्वीप अभियान**

**चुनाव का पर्व, देश का गर्व है गीतों का थीम**

फतेहाबाद। विद्यार्थियों को वोट के प्रति जागरूक करती जनसंपर्क विभाग की भजन मंडली के कलाकार।

### पैंशनर्ज एसोसिएशन ने मनाया वार्षिकोत्सव

**फतेहाबाद।** हरियाणा सिविल पैंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन फतेहाबाद ने प्रधान हरबंस लाल सेठी की अध्यक्षता में वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। सचिव मदन गोपाल नारंग ने बताया कि समोराह में सभी सदस्यों की समस्याओं का समाधान किया गया। समारोह में कैशलैस मेडिकल, एल.टी.सी व 65, 70, 75 वर्ष पूर्ण होने परपेंशन में अतिरिक्त वृधि बारे बताया गया।

गुरूकुल वेद मन्दिर संस्कृत विद्यापीठ
हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त, कोड-04066
मताना, जी.टी. रोड, फतेहाबाद
Email: gvmsvidyapeethfhd@gmail.com
संस्कृत प्राध्यापक
पद :- 01
साक्षात्कार दिनांक :
07-04-2024 (रविवार)
स्थान: कार्यालय गुरूकुल वेद मन्दिर मताना, फतेहाबाद
समय: 10:00 बजे से



दुनिया में सबसे तेज जानवर चीता है, जो 70 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से दौड़ सकता है।



सबसे बड़ा मकड़ी का जाला 28 मीटर चौड़ा और 34 मीटर लंबा हो सकता है।

# डिजिटल सेक्टर में कैसे संवारें भविष्य



नालेज

यंगभूमि डेस्क

आज दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। बिग डेटा के साथ एकुरेसी की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। आज एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, आईओटी जैसे तकनीकें तेजी डिजिटल दुनिया को बदल रही हैं। डिजिटल सेक्टर तेजी से विकसित होती इंडस्ट्री है, जो युवाओं को नए रोजगार अवसर प्रदान कर रही है। 2030 में डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का आकार 1500 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र हैं जो डिजिटल सेक्टर में 3 से 6 महीने की स्किल सीखने पर उपलब्ध हैं।

## भविष्य में भारी डिमांड

### ये डिजिटल स्किल्स सीखें

वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर स्किल, सोशल मीडिया स्किल, पर्सनल आर्किविंग, इनफॉर्मेशन इवैल्यूएशन, स्क्रीनकास्टिंग, कोलैबोरेशन, इमेज एडिटिंग, कंटेंट राइटिंग एंड कंटेंट मैनेजमेंट, डाटा एनालिटिक्स, कॉपीराइट एंड प्लेगिअरिज़म, डाटा साइंस, डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, डिजिटल प्रोडक्ट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल बिजनेस एनालिसिस, डिजिटल डिज़ाइन एंड डाटा विज़ुअलाइजेशन, वेब एंड एप डेवलपमेंट, डिजिटल प्रोग्रामिंग, डिजिटल वीडियो एडिटिंग आदि।

**बेसिक लर्निंग :** कोडिंग, ब्रांडिंग, क्लाउड सॉफ्टवेयर, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, बैंकिंग एप्स आदि।

**ये स्किल अहम :** 1. सोशल मीडिया मार्केटिंग, 2. सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), 3. डिजिटल एनालिटिक्स, 4. ईमेल मार्केटिंग, 5. कंटेंट मार्केटिंग, 6. पेड एड्स, 7. वेबसाइट डेवलपमेंट, 8. वीडियो मार्केटिंग

**डिजिटल कोर्सेज :** सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), वेब एनालिटिक, ग्राफ़कि डिजाइनिंग, एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया, ग्रोथ हैकिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ईमेल/ इनबाउंड मार्केटिंग, मोबाइल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, पे-पर-क्लिक (पीपीसी) मार्केटिंग, सर्टिफाइड डिजिटल मार्केटिंग मास्टर कोर्स आदि।

## डिजिटल मार्केटिंग हॉट

मार्केटिंग का एक अन्य ट्रेंड है डिजिटल मार्केटिंग। यह उन सभी ऑनलाइन मार्केटिंग गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की जा रहीं हैं। आज के समय में कंपनियां डिजिटल मार्केटिंग के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्मों का उपयोग कर रहीं हैं, जैसे वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल और मोबाइल एप्लीकेशन। इसी कारण डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम), मार्केटिंग एनालिसिस्ट, ईमेल मार्केटिंग, वीडियो मार्केटिंग, फेसबुक विज्ञापन एक्सपर्ट की ढेरों रिक्तियां हैं।

**जॉब ऑप्शन्स :** डाटा साइंटिस्ट, वेस्ट डाटा मैनेजर, कमर्शियल/ सिविलियन ड्रोन ऑपरेटर, डिजिटल करेंसी एडवाइजर, डिजिटल आर्टिस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्सपर्ट, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, डिजिटल प्रोडक्ट डिज़ाइनर, मोबाइल डिज़ाइनर, वेब डेवलपर/ वेब डिज़ाइनर, एनिमेशन एक्सपर्ट, एनालिटिकल मैनेजर, यूज़र एक्सपीरियंस डिज़ाइनर, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़र, कॉपी/ कंटेंट राइटर।

**टॉप रिक्रूटर्स :** एफएमसीजी (फ़ास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स), रिटेल, टूरिज्म, बैंकिंग, हॉस्पिटैलिटी, आईटी एंड आईटीईएस, मीडिया/ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स/ चैनल्स, पीआर एंड एडवरटाइजिंग, कंसल्टेंसी, मार्केट रिसर्च और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइसेज आदि।

## स्किल सीखने के फायदे

डिजिटली दक्ष युवाओं के लिए कई नौकरियां उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण नौकरियों में उच्च वेतन दिया जाता है। डिजिटल मार्केटिंग उद्यमियों के लिए एक लाभदायक विकल्प होता है। इसमें वे अपने उत्पादों और सेवाओं को व्यापक रूप से प्रचार कर सकते हैं और अधिक ग्राहकों को आकर्षित कर सकते हैं। डिजिटल मार्केटिंग ने बाजार में एक नया मापदंड स्थापित किया है। इसमें अधिक लोगों तक आपका संदेश पहुंचाने के लिए कम खर्च की आवश्यकता होती है। इस तरह से, उद्यमी संचार के लिए कम समय और पैसे खर्च करते हैं। डिजिटल सेक्टर युवा नए क्षेत्र में रोमांचक तरीके से काम कर सकते हैं। आप खुद के बोस हो सकते हैं और स्वयं के अनुसार काम करने का फैसला कर सकते हैं। आप खुद के व्यवसाय या ऑनलाइन स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं जो आपको स्वतंत्रता और आय की संभावनाएं प्रदान करता है। आप अपने दौर के अनुसार उचित संसाधनों और उपकरणों के साथ काम कर सकते हैं जो आपको आपकी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करते हैं। ऑनलाइन वर्क और प्लेटफ़ॉर्म्स पर सुरक्षित रहना और जिम्मेदारी से काम करना आ जाता है।

## डिजिटल सेक्टर के ट्रेंड्स

### आधार आधारित

आधार आधारित मार्केटिंग बढ़ता हुआ ट्रेंड है। इस मार्केटिंग में ग्राहकों के बारे में जानकारी जैसे उनके नाम, उम्र, पता, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट आदि इकट्ठी कर इसका उपयोग उन्हें प्रभावी ढंग से लक्ष्य दर्शकों के लिए विज्ञापन दिखाने में किया जाता है।

### सोशल मीडिया

सोशल मीडिया मार्केटिंग एक और महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने के साथ-साथ, उत्पाद या सेवाओं को विस्तार से बताने और संचार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट और विज्ञापन शेयर करके, व्यवसाय अपनी विनिमय विवरणों को ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं और ग्राहकों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### वीडियो मार्केटिंग

वीडियो मार्केटिंग लोकप्रिय डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है जो ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करता है, क्योंकि इससे उत्पाद और सेवाओं के बारे में दिए जा रहे विवरणों को समझना आसान हो जाता है। यह वीडियो एड विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे हैं। जैसे - यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि।

---

## आभासी दुनिया करियर बढ़ाने में कर सकती है मदद

# चैटजीपीटी प्रोफेशनल्स बनकर डिजिटेक दुनिया में कमाएं नाम

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## युवाओं की बन रहा पहली पसंद

एक शब्द जिसने हाल ही में आईटी उद्योग में तहलका मचा दिया है, वह है 'चैटजीपीटी'। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के साथ एक चैटबॉट, जिसे चैटजीपीटी कहा जाता है, को वर्ष 2022 में 30 नवंबर को लांच किया गया था। जनवरी में इसके मंथली एक्टिव यूजर्स की संख्या 10 करोड़ को पार कर गई थी। अधिक उपयोग के बावजूद हंगामा होता है, क्यों? दरअसल, चैटजीपीटी बहुत सारे सफेदपोश पदों के लिए खतरा है। शिक्षण संस्थान भी परेशान है, यह जानते हुए भी कि यह जल्द ही कभी नहीं होगा। अपने करियर में पेशेवरों के लिए, चैटजीपीटी सीखने में काफी मदद कर सकता है, उन्हें नए कौशल प्राप्त करने में सहायता कर सकता है, नौकरी के नए विकल्पों का खोज सकता है और अपने उद्योग में अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रख सकता है। प्रत्येक पेशेवर की विशिष्ट आवश्यकताओं और रुचियों को पहचानने के लिए अपनी प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण कौशल का उपयोग करके, चैटजीपीटी व्यक्तिगत सीखने के अनुभव प्रदान कर सकता है। करियर क्षेत्र के पेशेवरों को इस तरह से प्रासंगिक और रोमांचक शिक्षण सामग्री का पता लगाना आसान हो सकता है। चैटजीपीटी कौशल विकास के लिए मार्गदर्शन और सहायता प्रदान कर सकता है, पेशेवरों को नए कौशल हासिल करने और अपने पेशेवर पोर्टफोलियो बनाने में मदद कर सकता है।






## क्या है चैटजीपीटी

चैटजीपीटी एक चैटबॉट है,जो कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित है। चैटजीपीटी (जनरेटिव प्री-ट्रेंड ट्रांसफॉर्मर) प्रोग्राम एक मशीन लर्निंग सिस्टम है जो डेटा इकट्ठा करता है, इससे सीखता है और शोध निष्कर्ष तैयार करता है। पुट-ई टूल अब भी उपलब्ध है। यह शब्द बनाने के बजाय 3डी दृश्य बनाता है। जिस तरह आप गूगल पर कुछ भी लिखते हैं और आपके सामने जवाब आते हैं। उसी तरह चैटजीपीटी पर सवाल करने पर आपको वो लिखकर जवाब देता है। चैटजीपीटी आपके सारे सवालों के जवाब केवल एक सर्च बॉक्स पर सवाल टाइप करने से देता है। गूगल सर्च से अलग, इस चैटबॉट की खासियत यह है कि यह इंसानों की तरह सोचता है और उनकी तरह सवाल-जवाब कर सकता है। चैटजीपीटी से आप किसी भी टॉपिक पर एक इंसान जैसे ही बात कर पाते हैं। बता दें कि चैटजीपीटी को नवंबर 2022 में ओपनएआई द्वारा लांच किया गया था। चैटजीपीटी से उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। फोर्ब्स ने सक्रिय एआई स्टार्टअप्स की संख्या में 14 गुना वृद्धि दर्ज की है। 72% अधिकारियों के अनुसार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भविष्य में व्यापार में एक प्रमुख भूमिका निभाएगा।

## यहां अवसर

1. टेक जॉब्स (कोडर्स, कंप्यूटर प्रोग्रामर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स, वेब डेवलपर्स, सॉफ्टवेयर डेवलपर्स, डेटा एनालिस्ट्स)
2. मीडिया नौकरियां (सामग्री निर्माण, विज्ञापन, तकनीकी लेखन, पत्रकारिता)
3. कानूनी उद्योग नौकरियां (पैरालीगल, सहायक)
बाजार अनुसंधान विश्लेषकों
4. शिक्षक, प्रोफेसर
5. वित्त नौकरियां (वित्तीय विश्लेषक, सलाहकार)
ट्रेडर्स, शेयर एनालिस्ट
6. ग्राफिक डिजाइनर
7. लेखाकार
8. ग्राहक सेवा एजेंट

## मददगार टूल होगा

चैटजीपीटी करियर के विकास पर सलाह और मार्गदर्शन प्रदान कर सकता है, जिससे पेशेवरों को नए करियर के अवसरों की पहचान करने में मदद मिलती है। विभिन्न विषयों पर चैटजीपीटी के ज्ञान की त्वरित पहुंच के कारण पेशेवर अपने प्रश्नों के उत्तर पा सकते हैं और तेजी से अपने सीखने को आगे बढ़ा सकते हैं। चैटजीपीटी नेटवर्किंग और सहयोग के अवसर पेश करते हुए पेशेवरों को उनके उद्योग के अन्य विशेषज्ञों से जोड़ सकता है। पेशेवरों को अपने करियर को आगे बढ़ाने और उनकी क्षमताओं का विस्तार करने में मदद करने के लिए, चैटजीपीटी व्यक्तिगत कोचिंग और परामर्श प्रदान कर सकता है। पेशेवर अपने क्षेत्र में सबसे हालिया प्रगति के साथ अद्यतित रह सकते हैं और चैटजीपीटी के चल रहे सीखने के अवसरों का लाभ उठाकर अपनी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाए रख सकते हैं। चैटजीपीटी के सीखने के संसाधनों तक पहुंच के साथ पेशेवर जब भी उनके लिए सबसे सुविधाजनक हो सीख सकते हैं।




## क्या है करता

*चैटजीपीटी आपके लिए कंप्यूटर कोड जनरेट करता है। इसके साथ-साथ सवालों के जवाब, कथाओं को पूरा, अधूरे मुहावरे को सही करने, गिनती करने, नॉन-फिक्शन और फिक्शन कंटेंट लिखना और अनुवाद करना जैसे कार्य करता है।*

## क्यों बनाया गया

माइक्रोसॉफ्ट के ओपनएआई द्वारा विकसित चैटजीपीटी को एक एप्लिकेशन को मनुष्यों की तरह बातचीत करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। कविता लिखने से लेकर किसी और समस्या के जवाब के लिए आप चैटजीपीटी की मदद ले सकते हैं।

## स्मार्टफोन पर चैटजीपीटी नहीं

चैटजीपीटी का इस्तेमाल स्मार्टफोन पर नहीं किया जा सकता है। अगर आप प्ले स्टोर या एप स्टोर पर इसे खोजने का प्रयास करते हैं तो यहां फेक एप्स ही मिलती हैं, क्योंकि इस चैटबॉट का कोई ऑफिशियल एप अभी तक पेश नहीं हुआ है।

## कैसे कर सकते इस्तेमाल

इस चैटबॉट का इस्तेमाल चैटजीपीटी की ऑफिशियल वेबसाइट **chat.openai.com.** पर कर सकते हैं। वेबसाइट पर साइन-अप करने के बाद एक अकाउंट क्रिएट करना होगा। साइन अप के लिए **https://chat.openai.com/auth/login** पर विजिट कर सकते हैं। अकाउंट क्रिएट होने के बाद अकाउंट वेरीफाई करवाना होगा। इसके लिए ईमेल पर वेरिफिकेशन लिंक पर प्रोसेस पूरा कर सकते हैं। अकाउंट क्रिएट होने के बाद आप सर्च बार पर अपने सवालों को पूछ सकते हैं। मालूम हो कि, चैटजीपीटी का इस्तेमाल अभी फ्री में किया जा सकता है। हालांकि, बहुत जल्द कंपनी चैटबॉट के लिए प्रीमियम सर्विस ला सकती है।

## क्या सीखें

मशीन लर्निंग सीखें। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई सीख कर चैटजीपीटी प्रोफेशनल्स बन सकते हैं। एआई सीखने के लिए गूगल समेत अनेक ऑनलाइन व ऑफलाइन प्लेटफॉर्म हैं। आजकल करियर का नया डेस्टिनेशन है।

---

# व्यायाम, प्राणायाम और ध्यान से सुधारा जा सकता है मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

तनाव और अवसाद के समय में प्रेरित रहना छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कौशल है। परीक्षाओं, पढ़ाई, करियर, और सामाजिक दबावों के बीच जीवन में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इन चुनौतियों के साथ निपटने के लिए, छात्रों को तनाव को संभालने और प्रेरित रहने की कला को सीखना आवश्यक है। तनाव के समय में प्रेरणा का आधार स्वास्थ्यपूर्ण जीवनशैली का होता है। नियमित व्यायाम, प्राणायाम, और ध्यान से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारा जा सकता है। सही आहार और पर्याप्त नींद भी छात्रों को तनाव से बचाने में मदद कर सकते हैं। साथ ही, अपने कामों को स्वतंत्रता से निर्वाह करना और सकारात्मक सोच भी छात्रों को प्रेरित रख सकता है।

## सोशल मीडिया से रहें सावधान

समय का सही प्रबंधन और सहायक संगठनों का सहारा भी उन्हें अधिक उत्साहित कर सकता है। अधिकतर, स्वाध्याय और प्रेरणा भी छात्रों को उनके उद्देश्यों की दिशा में प्रेरित कर सकता है। इस प्रकार, छात्रों को तनाव के समय में प्रेरित रहने के लिए अपने जीवन में ये सारे कदम उठाने चाहिए। आधुनिक युग में सोशल मीडिया का महत्व बढ़ता जा रहा है। यह आधुनिक तकनीकी उपकरणों के द्वारा संचार का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। सोशल मीडिया ने हमें दुनिया भर में अपने दोस्तों, परिवार, और समाज से जुड़े रहने का मौका दिया है। हालांकि, इसके साथ ही यह एक सुरक्षा का मुद्दा भी उठाता है। सोशल मीडिया पर सुरक्षित रहने की एक कार्यकारी रणनीति अपनाना आवश्यक है। पहले भारतीय युवा को सोशल मीडिया के उपयोग के बारे में जानकारी होनी चाहिए। उन्हें अपने प्रोफाइल की निजी जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए नियमित रूप से पासवर्ड बदलने की सलाह देनी चाहिए। उन्हें सावधानीपूर्वक अपनी पोस्टिंग करनी चाहिए ताकि वे अपनी निजी जानकारी को अनावश्यक लोगों से साझा न करें। दूसरा, सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के उपयोग के लिए एक्सेस नियंत्रण बनाए रखना आवश्यक है। युवा को अपने डिवाइस के लिए पासवर्ड लॉक लगाने की सलाह दी जानी चाहिए, ताकि कोई अनधिकृत उपयोगकर्ता उनके खाते में प्रवेश न कर सके। साथ ही, यह भी महत्वपूर्ण है कि उन्हें अपने डिवाइस पर सोशल मीडिया ऐप्स को अपडेट रखें, क्योंकि अपडेट अक्सर सुरक्षा सुधारों को शामिल करते हैं। तीसरा, विशेष ध्यान देना चाहिए कि युवा अपने ऑनलाइन व्यवहार में सावधानी बरतें। उन्हें अज्ञात व्यक्तियों के साथ न केवल साइबर अपीक्स तकरार करनी चाहिए, बल्कि वे अपने प्राइवेट जानकारी को अपने हाथ में रखें। यह भी जरूरी है कि युवा अभिभावकों या विशेषज्ञों से संपर्क करें यदि उन्हें ऑनलाइन अपशब्दों, धमकी, या किसी भी अन्य अप्रिय गतिविधियों का सामना करना पड़ता है।

## साइबर बुलिंग से सावधानी जरूरी

साइबर बुलिंग, प्राइवेसी लीकेज, और ऑनलाइन फिशिंग जैसी समस्याओं से बचने के लिए सोशल मीडिया पर जागरूकता और सावधानी बहुत महत्वपूर्ण है ताकि युवा साइबर बुलिंग, प्राइवेसी लीकेज, और ऑनलाइन फिशिंग जैसी समस्याओं से बच सकें।

- **पासवर्ड की मजबूती:** अपने सोशल मीडिया खातों के लिए मजबूत पासवर्ड चुनें और उन्हें नियमित अंतराल में बदलें।
- **निजी जानकारी का संरक्षण:** निजी जानकारी को साझा करने से पहले ध्यान दें और केवल विश्वसनीय और आवश्यक जानकारी ही साझा करें।
- **साइबर बुलिंग के खिलाफ:** किसी भी तरह की साइबर बुलिंग को तुरंत रिपोर्ट करें और इसे बचाव में आने के लिए अपने दोस्तों और परिवार से सहायता मांगें।
- **सावधानी से फिलहाल:** अनजाने या संदिग्ध संदेशों, लिंकों, या फाइलों को कभी खोलने से पहले सावधानी बरतें।
- **अपडेट रहें:** सोशल मीडिया ऐप्स और सॉफ़्टवेयर को समय-समय पर अपडेट करें, क्योंकि ये अक्सर सुरक्षा सुधारों को शामिल करते हैं।
- **संवेदनशीलता बनाए रखें:** अपने और अन्य लोगों की संवेदनशीलता का सम्मान करें और अनचाहे संदेशों या फोटोग्राफ़ों को साझा न करें।
- **जागरूक रहें:** सोशल मीडिया पर सुरक्षित रहने के लिए नियमित रूप से साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन नैतिकता के बारे में जागरूक रहें और अपडेटेड रहें।

*इन तरीकों का पालन करके युवा सोशल मीडिया पर सुरक्षित रह सकते हैं और उन्हें अपने ऑनलाइन अनुभवों का आनंद लेने में सक्षम होगा। एक विद्यार्थी को किसी अन्य व्यक्ति के अच्छे वेतन और पसंद को देखकर कमजोर नहीं होना चाहिए।*

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्न में कौन सी भाषा संस्कृत भाषा की अपभ्रंश है?
(ए) खड़ी बोली (बी) ब्रजभाषा
(सी) अवधी (डी) पालि

**2.** अधिकतर भारतीय भाषाओं का विकास किस लिपि से हुआ?
(ए) शारदा लिपि (बी) खरोष्ठी लिपि
(सी) कुटिल (डी) ब्राह्मी लिपि

**3.** हिंदी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?
(ए) गुरुमुखी (बी) ब्राम्ही
(सी) देवनागरी (डी)सौराष्ट्री

**4.** वर्तमान हिंदी का प्रचलित रूप है?
(ए) अवधी (बी) ब्रजभाषा
(सी) खड़ी बोली (डी) देवनागरी

**5.** हिन्दी भाषा की बोलियों के वर्गीकरण के आधार पर छतीसगढ़ी बोली है?
(ए) पूर्वी हिन्दी (बी)पश्चिम हिन्दी
(सी)पहाड़ी हिन्दी (डी)राजस्थानी

**6.** निम्नलिखित में से कौन सी पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है ?
(ए) बुन्देली (बी) ब्रजभाषा
(सी) कन्नौजी (डी) बघेली

**7.** भारतीय संविधान में किन अनुच्छेदों में राजभाषा संबंधी प्रावधानों का उल्लेख है ?
(ए)343-351 तक (बी)434-315 तक
(सी)443-135 तक(डी) 334-153 तक

**8.** दक्षिणी भारत हिन्दी प्रचार सभा का मुख्यालय कहां स्थित है ?
(ए) हैदराबाद (बी) बंगलौर
(सी) चेन्नई (डी)मैसूर

**9.** हिन्दी भाषा के विकास का सही अनुक्रम कौन-सा है ?
(ए) पालि-प्राकृत-अपभ्रंश -हिन्दी
(बी) प्राकृत-अपभ्रंश-हिन्दी-पालि
(सी) अपभ्रंश-पालि-प्राकृत-हिन्दी
(डी) हिन्दी-पालि-अपभ्रंश-प्राकृत

**10.** संविधान के अनुच्छेद 351 में किस विषय का वर्णन है ?
(ए) संघ की राजभाषा
(बी) उच्चतम न्यायालय की भाषा
(सी) पत्राचार की भाषा
(डी) हिन्दी के विकास के लिए निर्देश

**उत्तर** 1.(डी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(सी) 5.(ए) 6.(डी) 7.(ए) 8. (सी)9. (ए) 10. (डी)

## खबर संक्षेप

### दिनदहाड़े घर में घुसकर गहने व नकदी चुराई

**रतिया।** फतेहाबाद रोड पर तहसील परिसर के नजदीक एम्प्लॉय कॉलोनी में मंगलवार को अज्ञात व्यक्ति दिन दहाड़े हरजीत सिंह फौजी के घर से हजारों रुपए की नगदी व गहने चुराकर ले गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जान शुरू कर दी है।

### ट्रैक्टर से टकराकर बाइक सवार की मौत

**नारनौंद।** खांडाखेड़ी गांव के पास जींद रोड पर रविवार रात को ट्रैक्टर व बाइक के एक्सीडेंट में बाइक सवार की मौत हो गई। इस मामले में नारनौंद थाना पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दिए बयान में खांडाखेड़ी निवासी पवन ने बताया कि उसकी गांव में मोबाइल की दुकान है। 31 मार्च की रात करीब सवा 9 बजे वह खांडाखेड़ी से जींद रोड पर घूमने गया हुआ था।

### झुलसे युवक मामले में आवास मालिक पर केस

**हांसी।** रेलवे स्टेशन के समीप स्थित प्रेम नगर कॉलोनी में बिजली की तार जोड़ते समय झुलसे युवक रोहित के बयान पर आवास मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। बिजली के संपर्क में आने से झुलसे रोहित का फिलहाल दिल्ली एम्स के ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। लिया गया है।

### अवैध पिस्तौल सहित आरोपी को दबोचा

**हिसार।** एबीवीटी पुलिस टीम ने सुरेवाला चोक से एक व्यक्ति को अवैध पिस्तौल सहित काबू किया है। एएसआई राजकुमार ने बताया कि पुलिस ने गश्त के दौरान सुरेवाला चोक पर हिसार की तरफ से आ रहे एक युवक को काबू कर नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम रविंद्र उर्फ रिंकू बताया। तलाशी लेने पर रविंद्र के कब्जे से एक अवैध पिस्तौल बरामद हुआ।

### 6.56 ग्राम हेरोइन सहित व्यक्ति काबू

**हिसार।** पड़ाव चौकी पुलिस ने गांव पीरावाली रेलवे लाइन के पास से एक युवक को काबू किया है। उसने अपना नाम गांव पीरावाली निवासी सुरेन्द्र उर्फ बिल्ला बताया। तलाशी लेने पर सुरेन्द्र उर्फ बिल्ला के कब्जे से 6.56 ग्राम हेराइन बरामद हुआ।

### नए-नए टैक्स लगाने से प्रदेश में पिछड़ता जा रहा है व्यापार व उद्योग : गर्ग

# सरसों, नरमा, मूंग की खरीद आढ़तियों के माध्यम से न करने पर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। पत्रकारों से बातचीत करते बजरंग गर्ग, साथ हैं व्यापार मंडल प्रधान जगदीश भादू।



सिरसा। अनाज मंडी में आढतियों के साथ धरने पर बैठे बजरंग गर्ग।

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार द्वारा नए-नए टैक्स लगाने व टैक्सों में बढ़ोतरी करने से व्यापार व उद्योग पिछड़ता जा रहा है। जब से देश आजाद हुआ है तब से अब तक कपड़ा, चीनी, दूध, दही, लस्सी आदि वस्तुओं पर टैक्स नहीं था मगर इस सरकार ने इन वस्तुओं पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया। जिन आम जरूरत की वस्तुओं पर 5 प्रतिशत वेट कर होता था, उस पर सरकार ने 18 व 28 प्रतिशत जीएसटी लगाकर जनता पर आर्थिक बोझ डालने का काम किया है। यहां तक की सब्जी व फलों पर भी मार्केट फीस लगाकर गरीबों के मुंह का निवाला छीनने का काम किया है।

वे मंगलवार को फतेहाबाद अनाज मण्डी में व्यापार मंडल के प्रधान जगदीश भादू के प्रतिष्ठान पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरसों, नरमा, मूंग, चना व बाजरा आदि की खरीद आढ़तियों के माध्यम से ना करने से व्यापारियों में सरकार के प्रति बड़ा भारी रोष है। सरकार ने पहले भी गेहूं व धान पर व्यापारियों को आढ़त कम दी थी और अब सरसों की खरीद भी आढ़तियों के माध्यम सरकार नहीं कर रही है। एक तरफ तो सरकार व्यापार व उद्योगों को बढ़ावा देने की बात कर रही है और दूसरी तरफ सरकार आढ़तियों का व्यापार खत्म करने पर तुली हुई है। सरकार ने उद्योगों के माध्यम से हरियाणा में 75 प्रतिशत युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। सरकार व्यापार को ठप्प करके रोजगार देने की बजाएं रोजगार छीनने में लगी हुई है। सरकार को युवाओं को रोजगार देने के लिए हरियाणा में व्यापार व उद्योगों को बढ़ावा देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार को मंडी के आढ़ती व मिलरों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा देनी चाहिए। सरकार द्वारा व्यापारी व उद्योगपतियों को सुविधा देने से अरबों रुपए का पूंजीनिवेश होगा। हर राज्य की तरक्की व्यापार व उद्योग पर निर्भर करती है। जिस राज्य का व्यापार पिछड़ जाता है वह राज्य कभी तरक्की नहीं कर सकता है। बजरंग गर्ग ने सरकार से अपील की है कि वह अनाज की खरीद आढ़तियों के माध्यम से करके 2.5 प्रतिशत पूरा कमीशन व्यापारियों को देना चाहिए ताकि मंडी के माध्यम से जो लाखों मजदूर, व्यापारी, कर्मचारियों को जो रोजगार मिल रहा है वह मिलता रहे।

### आढ़तियों का धरना जारी व्यापार मंडल ने दिया समर्थन

**सिरसा।** अनाजमंडी आढ़ती एसोसिएशन द्वारा सिरसा में सरकार द्वारा सरसों की सरकारी खरीद आढ़तियों के माध्यम से न करने और गेहूं की आढ़त 9.99 रुपए कम देने के विरोध में आढ़तियों द्वारा जोरदार धरना प्रदर्शन किया गया। मंडी के रोष प्रदर्शन में मुख्य रूप से हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने भाग लिया। मंगलवार को धरने पर काफी संख्या में व्यापारियों ने भाग लिया। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश में आढ़ती, किसान व मजदूर बर्बादी की कगार पर हैं। सरकार ने पहले गेहूं पर आढ़त 9.99 रुपए व धान पर 9.19 रुपए आढ़तियों को काटकर देने का काम किया है। अब सरकार सरसों की सरकारी खरीद आढ़तियों के माध्यम से न करके सरकारी मंडियां बंद करने पर तुली हुई है। सरकार द्वारा गेहूं पर 9.99 रुपए आढ़त कम देने व सरसों की खरीद आढ़तियों के माध्यम से न करने पर व्यापारियों में भारी रोष है जिसके विरोध में हरियाणा की सभी अनाजमंडियों में अलग-अलग जगह 5 अप्रेल तक धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। गर्ग ने कहा कि सरकार बड़े-बड़े घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए मंडियां बंद करने पर तुली हुई है। इस अवसर पर आढ़ती एसोसिएशन के जिला प्रधान मनोहर मेहता, प्रदेश उपप्रधान प्रेम बजाज, व्यापार मंडल जिला प्रधान हीरालाल शर्मा, महासचिव अंजनी कनोडिया, संरक्षक राजकरण भाटिया, दीपक मित्तल, कुणाल जैन, कीर्ति गर्ग, अनिल सर्राफ, अश्विनी बंसल, भीम सिंगला, सुभाष शेरपुरा, कमलजीत टक्कर, संदीप मिड्ढा, पवन गर्ग, सतीश हिसारिया, हेमंत सोनी, लीलाधर सोनी सहित अनेक व्यापारी प्रतिनिधि मौजूद थे।



फतेहाबाद। बैठक को संबोधित करते युवा कांग्रेस नेता मुकेश प्रजापति।

# कुम्हार समाज ने ठोकी हिसार लोस से ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रजापति समाज फतेहाबाद की बैठक आज कांग्रेस शहरी ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रधान मुकेश प्रजापति की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कांग्रेस हाईकमान से हिसार लोकसभा सीट से कुम्हार समाज का उम्मीदवार बनाए जाने की मांग की गई। समाज ने 20 वर्ष से कांग्रेस पार्टी की विभिन्न पदों पर कार्यकर्ता रही सुनीता शिल्पा वर्मा को टिकट दिए जाने की मांग की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए मुकेश प्रजापति ने कहा कि हिसार लोकसभा सीट पर कुम्हार समाज के तकरीबन 2 लाख 70 हजार वोट, बैकवर्ड क्लास के 3 लाख और एससी समाज के लगभग 2 लाख 87 हजार के आसपास वोट है। उन्होंने बताया कि हिसार लोकसभा के 3 हलकों में प्रजापति समाज का काफी असर है, जिसमें बरवाला, नलवा और आदमपुर हल्के हैं। ऐसे में कांग्रेस हाईकमान समाज की मांगों पर विचार करे और कुम्हार समाज का कैंडिडेट हिसार लोकसभा से मैदान में उतारे। उन्होंने कहा कि उनकी यह मांग काफी जायज है। फतेहाबाद के समाज के लोगो ने मांग करते हुए कहा कि यदि कांग्रेस पार्टी सुनीता शिल्पा वर्मा को टिकट देती है तो वे काफी मार्जन से जीत दर्ज करेंगी।

### जन्मजात बीमारियों से पीड़ित बच्चों के लिए वरदान बना 'जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र'



**रतिया।** नागरिक अस्पताल में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चल रहा जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र बच्चों को दिव्यांगता से बचा रहा है। डीईआईसी सेंटर में पिछले वर्ष 2023-2024 में विभिन्न बीमारियों से पीड़ित 4612 बच्चों के केस पंजीकृत हुए हैं। इनमें गंभीर बीमारियों से पीड़ित 123 बच्चे हैं। इनमें से लगभग 50 का ऑपरेशन करवाया जा चुका है। डीईआईसी सेंटर के मैनेजर सुखदेव सिंह ने बताया कि 0 से 18 वर्ष तक के दिव्यांगता से पीड़ित बच्चों का इलाज करवाया जा रहा है।

# पुलिस का स्पा सेंटर पर छापा, नौ लोग पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस ने डबवाली रोड स्थित एक स्पा सेंटर पर छापा मारकर कार्रवाई करीब 9 लोगों को काबू किया है। काबू किए गए लोगों में 4 लड़कियां व 5 युवक शामिल है। पुलिस ने सेंटर संचालक सहित पकड़े गए लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डबवाली रोड पर न्यू रेड रोज स्पा सेंटर में देह व्यापार को लेकर सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर फर्जी ग्राहक बनाकर पुलिस कर्मी को बोगस ग्राहक बनाकर सेंटर पर भेजा गया। बोगस ग्राहक ने न्यू रेड रोज स्पा सेंटर संचालक बातचीत की जिस पर देहव्यापार का संकेत मिला। बात होने के बाद पुलिस ने मिस कॉल कर पुलिस टीम को सूचना दी। जिसके बाद डीएसपी की अगुवाई में पुलिस टीम ने स्पा सेंटर पर छापा मार कार्रवाई की। पुलिस कर्मी इशारे पर टीम ने काउंटर पर बैठे एक व्यक्ति को पुलिस ने काबू किया। काबू किए गए व्यक्ति ने पूछताछ में बताया कि वह पाटर्नशिप में यह सेंटर चलाता है।

# दो कारों की टक्कर में एक युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हिसार रोड स्थित गांव संघरसरिस्ता मोड के निकट दो गाड़ियों की आपसी भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। गांव सुचान निवासी जसपाल ने बताया कि उसका भाई गुरदीप सिंह व उसकी पत्नी गुरमीत कौर गाड़ी लेकर पंजाब में गए हुए थे। बीती 1 अप्रेल की शाम को वे गाड़ी में वापस आ रहे थे। संघरसरिस्ता मोड के समीप क्रॉसिंग पर जब उसके भाई ने गाड़ी को मोड़ा तो फतेहाबाद की ओर से आ रही तेज रफ्तार गाड़ी ने उसके भाई की गाड़ी को टक्कर मार दी, जिससे गाड़ी पलट गई। टक्कर मारने वाला गाड़ी चालक मौके से भाग गया। गाड़ी में सवार उसके भाई गुरदीप सिंह उसकी पत्नी गुरमीत कौर व चालक राजेंद्र को काफी चोटें आई। आसपास के लोगों ने आकर सभी घायलों को गाड़ी से निकालकर अस्पताल में पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद गुरदीप सिंह को मृत घोषित कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंची औरशव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में पहुंचाया।

# तंवर ने किया दर्जनों गांवों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सिरसा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर ने मंगलवार को अपने जनसम्पर्क अभियान को जारी रखा। उन्होंने आज गांव भूंदड़वास, नूरकी अहली, कारियां, नानकपुर, नकटा, खुनन, बीराबदी, अजीतनगर, मढ़, मलवाला, अलीकां, कलौठा, हुक्मांवाली, दादूपुर, ढाणी दादूपुर, नागपुर, खुबर व हड़ौली में जनसंपर्क किया और लोगों को संबोधित किया। हालांकि कई गांवों में किसानों ने भाजपा प्रत्याशी का विरोध किया।



रतिया। ग्रामीण दौरे के दौरान लोगों से मिलते भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर।

### भाजपा के सुशासन ने दुनिया में विशिष्ट पहचान बनाई

ग्रामीण सभाओं को संबोधित करते हुए अशोक तंवर ने कहा कि भाजपा एक मजबूत संगठन और सबके साथ, प्रयास और विश्वास के साथ चुनाव मैदान में है। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में पहचान प्राप्त करने के साथ-साथ भाजपा के सुशासन ने पूरी दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग्य नेतृत्व ने पूरे देश में एक लहर पैदा की हुई है। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता गांव-गांव,जाकर पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार कर रहा है।

# क्रेसंट स्कूल फतेहाबाद में हवन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- अध्यापकों ने नए विद्यार्थी व पुराने सभी विद्यार्थियों को दी शुभकामना

क्रेसण्ट पब्लिक स्कूल फतेहाबाद में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ किया गया। स्कूल प्रधानाचार्या, शिक्षकों व विद्यार्थियों ने हवन में आहुति दी तथा विधिवत पूजा करके हवन संपन्न किया गया। विद्यालय का वातावरण हवन में अर्पित आहुतियों से शुद्ध एवं सुगंधित हो गया। नए सत्र के शुभारंभ पर सभी अध्यापकों, नए विद्यार्थी व पुराने सभी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दी गई। सभी विद्यार्थी अपनी नई कक्षा मे बैठने के लिए उत्साहित नजर आये। इस अवसर पर प्रधानाचार्या पूनम ने सभी अध्यापकों व विद्यार्थियों को नए सत्र की बधाई दी एवं भविष्य में इसी तरह आगे बढ़ाने की शुभकामनाएं दी।



फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर हवन में भाग लेते स्कूल प्रबंधक।

उन्होंने कहा कि नए सत्र में हम शिक्षा की गुणवत्ता को कायम रखने के लिए और नये आयाम हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में प्रयास से हर विषय को दक्षता और तीव्रता से ग्रहण किया जा सकता है।

### श्री बालाजी हनुमान सेवा मंडल की बैठक

- नवनियुक्त प्रधान विनोद गर्ग नानू ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की

**फतेहाबाद।** श्री बालाजी हनुमान सेवा मंडल के पदाधिकारियों की एक बैठक आज तहसील चौक स्थित मंडल द्वारा संचालित शनि मंदिर में आयोजित हुई। यह जानकारी देते हुए संस्था के प्रेस प्रवक्ता महादेव बंसल ने बताया कि नवनियुक्त प्रधान विनोद गर्ग नानू ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। नई कार्यकारिणी में ज्ञानंचद मितल को सरंक्षक, बजरंग लाल शर्मा को उपप्रधान, प्रदीप बंसल उर्फ सोनू को सचिव, शंकर बंसल को कोषाध्यक्ष, कमल वर्मा को सहसचिव, पवन हंसवाल को महाप्रबधंक बनाया गया है। वहीं कार्यकारिणी में पूर्ण सिंगला, सुरेंद्र मित्तल, नीतिन मोदी, मनोज अग्रवाल, संजय बंसल, सुनील शर्मा, सचिन गोयल को जगह दी गई है। राजेंद्र मोदी, दयानंद गर्ग, अनिल गुप्ता, अशोक गर्ग जोगी और गौरव बसंल को सलहाकार मंडल में नियुक्त किया गया है।

# महिपाल ढांडा का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रदेश के नवनियुक्त विकास एवं पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा का मंगलवार को फतेहाबाद पहुंचने पर कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। महिपाल ढांडा ने फतेहाबाद के विधायक चौ. दुड़ाराम की कोठी पर पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और क्षेत्र में लोकसभा चुनावों को लेकर चल रही तैयारियों की जानकारी ली। भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एवं गांव मताना के युवा सरपंच दलबीर वर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा का स्वागत किया और पंचायत मंत्रालय का कार्यभार संभालने पर उन्हें बधाई दी। पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा ने कार्यकर्ताओं को जी-जान से लोकसभा चुनावों की तैयारियों में जुटने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्रीने इस बार 400 पार का नारा दिया है।



फतेहाबाद। पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा का स्वागत करते मताना सरपंच दलबीर वर्मा एडवोकेट।

न्यायालय सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी
फतेहाबाद जिला फतेहाबाद

कर्मवीर गोयत पुत्र जयलाल गोयत निवासी कुंगड तहसील बवानी खेड़ा जिला भिवानी ...प्रार्थी

बनाम

1-विधा देवी पुत्री भाल चन्द पुत्र भुरा मल, 2 नीलम 3-सुनीता 4- वनीता, पुत्रीयान देवी दयाल उर्फ देवी लाल 5 नारायणी देवी विधवा खेम चन्द पुत्र धन्नी राम निवासीयान हिजरावां कलां तहसील वा जिला फतेहाबाद।

उत्तरवादीगण

दरखास्त बराये तकसीम बाबत भुमि खेवट 1197 खतौनी नम्बर 1640 किता 3 रकबा तादादी 18 कनाल 2 मरला वा भुमि खेवट नम्बर 1198 खतौनी नम्बर 1641 किता 5 रकबा तादादी 36 कनाल 5 मरला वाक्या मौजा हिजरावां कलां तहसील वा जिला फतेहाबाद।

प्रार्थी ने उपरोक्त शिर्षक दरखास्त दायर करके प्रार्थना की है कि उपरोक्त अराजी की तकसीम नियम अनुसार की जावे। अदालत द्वारा कई बार उत्तरवादीगण को तलब करने के लिये सम्मन जारी किये लेकिन उतरवादीगण जान बुझ कर तामिल करने से बच रहे है और अदालत को यकीन हो चुका है कि उतरवादीगण की साधारण तरीका से तामिल ना हो सकती है अतः इस विज्ञापन द्वारा उत्तरवादीगण को सुचित कियाजाता है कि वे दिनांक 08/05/24 को इस न्यायालय में असालतन या वकालतन पेश होकर जवाब देही करे वरना एक तरफा कारवाई अमल में लाई जावेगी।

यह आदेश आज दिनाकं को इस न्यायालय की मोहर वा मेरे हस्ताक्षर सहित जारी किया गया है।

सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी फतेहाबाद

### हस्ताक्षर अभियान भी चलाया, युवाओं को शपथ भी दिलवाई

# युवाओं को मतदान के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

नेहरू युवा केंद्र व खेल मंत्रालय द्वारा अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राहुल मोदी के दिशा निर्देशानुसार फतेहाबाद के स्वयंसेवक सुखदेव व स्वयं सेविका नेहा रानी द्वारा जाखल के ताऊ देवी लाल पार्क में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मतदाताओं को जागरूक किया गया व शपथ भी दिलवाई गई जिसमें मुख्य रूप से जाखल एसएचओ ने भी भाग लिया। नेहा रानी व सुखदेव ने युवाओं, महिलाओं व वरिष्ठ नागरिको को एकत्रित कर मतदान के प्रति जागरूक किया तथा निष्पक्ष भाव से मतदान करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को सि-विजल एप्प व अन्य चुनाव से संबंधित अप्प के बारे में भी जानकारी दी। सुखदेव व नेहा रानी ने युवाओं को बताया कि हमें अपने आस पास हो रही अनैतिक गतिविधि को ध्यान मे रख कर इस एप्प के द्वारा सुचना दे सकते है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सरकार बनाने में युवा पीढ़ी का महत्वपूर्ण स्थान है व सभी युवाओं को वोट का उचित प्रयोग करना है। उन्होंने युवाओं को बताया गया कि हमें धर्म व भाषा का न देखते हुए मजबूत लोकतंत्र को एक अपनी इच्छाओ व भविष्य को ध्यान मे रखते हुए मतदान करना है। कार्यक्रम को समापन करते हुए एक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया व शपथ लिए गए युवाओं से हस्ताक्षर भी करवाए गए की वे 25 मई को अपना वोट डालने जरूर जाएंगे।



जाखल। युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करते स्वयंसेविका नेहा रानी।

कार्यालय जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक, फतेहाबाद

**वर्ष 2024-25 के लिये परिवहन व श्रम एवं ढुलाई के कार्य हेतु Short Term निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 के रबी व खरीफ सीजन के लिए जिला फतेहाबाद की विभिन्न मण्डियों में खाद्यान्न एवं स्टाक अर्टिकल्ज के परिवहन व श्रम एवं ढुलाई के कार्य हेतु सभी खरीद एजेन्सियों के लिए परिवहन व श्रम एंव ढुलाई ठेकेदारो से ई-टैण्डरिंग प्रक्रिया के माध्यम से टैण्डर आमंत्रित किये गये थे। आमंत्रित किये गये टैण्डरों में से **परिवहन की (9) मण्डियों** 1. मानकपुर 2. लधुवास 3. लाली 4. लाम्बा 5. महमदकी 6. म्योंद 7. नहला 8. पीलीमंदौरी 9. भट्टूकलां में तथा **श्रम एवं ढुलाई की (3) मण्डियों** 1. ढाण्ड 2. गोरखपुर 3. नहला मण्डियों में रेट अधिक आने के कारण मुख्यालय के पत्र क्रमांक SOMP-3-3-2024/4782 दिनांक 02.04.2024 की अनुपालना में इन मण्डियों के लिए SHORT TERM निविदाएं आमंत्रित करने का निर्णय जिला टैण्डर कमेटी द्वारा लिया गया है। नियम व शर्ते पूर्व में निर्धारित ही लागू रहेंगी। उपरोक्त निविदाएं निम्न प्रकार से नीचे वर्णित तिथि, समय व स्थान पर आमंत्रित हैं।

| S. No. | Work | Relasing/Calling of Tender | Closing of Tender | Opening of Technical Bid & Checking of Document | Opening of Financal Bid & Finalization | टैण्डर का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Transportation | 02.04.2024 5:00 p.m. | 04.04.2024 2:00 p.m. | 04.04.2024 2:05 p.m. | 04.04.2024 3:00 p.m. | कार्यालय जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक फतेहाबाद |
| 2 | Labour and Cartage | 02.04.2024 5:00 p.m. | 04.04.2024 2:00 p.m. | 04.04.2024 2:05 p.m. | 04.04.2024 3:00 p.m. | कार्यालय जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक फतेहाबाद |

1. विस्तृत जानकारी जिला खाद्य एंव पूर्ति नियंत्रक, फतेहाबाद, जिला प्रबंधक हैफड/हरियाणा वेयर हाउस फतेहाबाद के कार्यालय से प्रातः 09:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में तथा Website http://www.etender.hry.nic से ली जा सकती है। 2. इसके अतिरिक्त टैण्डरदाता द्वारा अपलोड किये गये दस्तावेजों में से कोई भी दस्तावेज स्पष्ट नजर नहीं आता है तो वह दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जायेगा। 3 टैण्डरदाता, टैण्डर पॉलिसी के नियम व शर्तो के अनुसार ही दस्तावेज लगाना सुनिश्चित करें।

(विनित जैन)

दूरभाष नं. 01667-230773 जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक, फतेहाबाद।

## खबर संक्षेप

### श्रीमद्भागवत कथा है मोक्षदायिनीः शर्मा

**सिरसा।** युवा कांग्रेस नेता मोहित शर्मा मंगलवार को शहर की श्रीगौशाला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा सुनने पहुंचे। उन्होंने कथा का श्रवणकर कथावाचक योगेंद्र कृष्ण महाराज से आशीर्वाद लिया। मोहित ने कहा कि भगवान की विभिन्न कथाओं का सार श्रीमद्भागवत मोक्षदायिनी है। इसके श्रवण से परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई और कलियुग में आज भी इसका प्रत्यक्ष प्रमाण देखने को मिलते हैं।

### अयोध्या दर्शन के लिए हुई रवाना

**सिरसा।** विप्र सेना कार्यकारिणी के सदस्य रामलला के दर्शन के लिए मंगलवार को अयोध्या रवाना हुए। इन दो बसों को विप्र सेना के प्रदेश प्रभारी रामानंद शास्त्री ने झंडी देकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि बसों में सवार श्रद्धालुओं को अयोध्या के साथ-साथ बागेश्वर धाम, काशी विश्वनाथ, मथुरा, वृंदावन, गोकुल सहित कई तीर्थ स्थानों के दर्शन करवाए जाएंगे। इस मौके पर महिला जिला कार्यकारिणी की सभी सदस्य मौजूद रहीं।

### अलीकां रोड से स्नेचिंग का दूसरा आरोपी काबू

**डबवाली।** शहर थाना डबवाली ने अलीकां रोड पर हुई स्नेचिंग की वारदात में संलिप्त दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से छीनी हुई सोने की कानों की बालियां बरामद की हैं। आरोपी की पहचान गुरसीक निवासी अबूबशहर के रूप में हुई है। शहर थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार ने बताया 16 फरवरी को रोशनी देवी निवासी प्रेम नगर वार्ड 17 की शिकायत पर जब वह दोपहर को डॉक्टर के पास से दवा लेकर लौट रहा था तभी वारदात हुई।

### आंखों की पट्टियां खोलकर चश्मे किए वितरित

**रतिया।** लायंस क्लब रतिया टाऊन द्वारा जारी आंखों के मुफ्त ऑपरेशन कैंप में जिन नेत्र रोगियों के ऑपरेशन किए जा चुके हैं, उनकी आंखों की पट्टियां खोलकर आज उन्हें चश्मे वितरित किए गए। क्लब सचिव लायन शिव सोनी ने बताया कि कल जिन नेत्र रोगियों की आंखों के ऑपरेशन किए गए थे, आज उनकी आंखों से पट्टी उतारकर उन्हें क्लब की तरफ से आखों के बचाव हेतु काले चश्मे व दवाइयां वितरित की गई।

### नायक हेड़ी समाज की कार्यकारिणी का विस्तार

**भट्टूकलां।** अखिल भारतीय नायक हेड़ी समाज की मीटिंग भट्टूकलां में हुई। बैठक में समाज की कार्यकारणी का विस्तार किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे जगदीश फतेहाबाद ने समाज की कार्यकारणी की घोषणा की, जिसमें सर्व सहमति से गगनदीप सिरसा को युवा प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। इसके अलवा सुभाष ढाबी खुर्द को युवा जिला अध्यक्ष फतेहाबाद और सुरेन्द्र दुपगा को अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

### भाकियू के जरनैल सिंह फिर बने प्रदेश प्रधान

**रतिया।** भारतीय किसान यूनियन खेती बचाओ हरियाणा की जनरल कमेटी की मीटिंग मंगलवार को गुरुद्वारा श्री अजीतसर साहिब में संपन्न हुई। इसमें भाकियू खेती बचाओ की कार्यकारिणी का दो वर्ष का कार्यकाल पूरे हो जाने पर वर्ष 2024 से 2026 के लिए नई कार्यकारिणी का चयन किया गया। इसमें जरनैल सिंह मल्लवाला को पुनः प्रदेश प्रधान, बेग राज फुलां को प्रदेश वरिष्ठ उपप्रधान, बंसीलाल सिहाग को बनाया गया।

### रावि में हवन यज्ञ के साथ हुई नए सत्र की शुरूआत

**जाखल।** गांव कुलां स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हवन यज्ञ व मंत्रोच्चारण के साथ नए सत्र का शुभारंभ हुआ। यज्ञ पंडित बलजीत शास्त्री ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टोहाना के खंड शिक्षा अधिकारी राम रतन ने शिरकत की। हवन में बच्चों, अध्यापको व अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गांव की सरपंच कुलविंदर कौर ने हवन यज्ञ में आहुति डालते हुए की।

---

### किसान आंदोलन के दौरान बंद किए गए डबवाली के पंजाब के सीमांत रास्ते

# डबवाली बंदः किरकिरी करवा कर माना प्रशासन, 50 दिन से बंद रास्ते खोले

**रास्ते बंद होने से शहर का कारोबार करीब 50 दिन से ठप पड़ा था और जगह-जगह जाम लग रहे थे।**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डबवाली


सिरसा। रास्ते खुलवाने की मांग को लेकर डबवाली बंद, जेसीबी की मदद से रास्ते खुलवाता प्रशासन। फोटो : हरिभूमि

किसान आंदोलन के दौरान बंद किए गए डबवाली के पंजाब के सीमांत रास्तों को खुलवाने की मांग को लेकर मंगलवार को डबवाली में पूर्ण बंद रहा। शहर के सभी व्यापारिक संगठनों ने इस बंद का समर्थन किया और अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद करके सरकार व स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली का विरोध किया। व्यापक विरोध को देखते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन ने मंगलवार को बंद रास्ते खुलवा दिए। वैसे इस मामले में सरकार व प्रशासन की काफी किरकिरी हुई है। रास्ते बंद होने से शहर का कारोबार करीब 50 दिन से ठप पड़ा था और जगह-जगह जाम लग रहे थे। वाहन चालकों को यदि बठिंडा या मलोट रोड पर आना-जाना होता था तो बेहद मुश्किल हो जाती थी। किसान आंदोलन कुछ ही दिनों में मंद पड़ गया लेकिन प्रशासन रास्ते बंद करके अपनी जिद पर अड़ा रहा। व्यापारी कई दिनों से प्रशासन से रास्ते खोलने की गुहार कर रहे थे। कई बार धरने प्रदर्शन हुए लेकिन प्रशासन के कानों तक जूं तक नहीं रेंगी। सरकार के प्रतिनिधि भी इस मामले में मौन रहे और शहर के लोग खासकर व्यापारी परेशान होते रहे। अब व्यापारियों ने एकजुटता दिखाते हुए मंगलवार को पूरा शहर ही बंद कर दिया। बंद को व्यापक समर्थन मिला और पूरे शहर में एक भी दुकान नहीं खुली। व्यापारियों के बंद के बाद कई दिनों तक रास्ते न खोलने की जिद पर अड़ा प्रशासन अचानक हरकत में आ गया। पुलिस प्रशासन ने रास्ते खोलने का काम शुरू कर दिया गया। इसके बाद जेसीबी की मदद से मलोट रोड व बठिंडा रोड के रास्ते खोल दिए गए। व्यापारी व आम नागरिक प्रशासन से सवाल कर रहा है कि जब रास्ते खोलने ही थे फिर क्यों प्रशासन ने इतने दिनों तक सरकार की किरकरी करवाई। वैसे रास्ते



खुले जाने से व्यापारी व आम नागरिक अब राहत महसूस कर रहा है। रास्ते खुलने की खुशी में व्यापारियों ने कई जगह लड्डू भी बांटे। रास्ते खुलने के बाद व्यापारियों प्रतिनिधियों नरेश सेठी, राजेश जैन व नगर परिषद प्रधान टेकचंद छाबड़ा ने एकजुटता दिखाने के लिए शहर के लोगों का आभार किया।

---


सिरसा। अभय चौटाला अपने आवास पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए।

# सिरसा लोकसभा सीट बड़े मार्जिन से जीतेंगेः अभय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

- 6 अप्रैल को ताऊ देवीलाल की पुण्यतिथि का कार्यक्रम दिल्ली में होगा जिसमें इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला शिरकत करेंगे
- कुरुक्षेत्र सहित सभी 10 सीटों पर लोकसभा चुनाव के लिए जनता में काफी उत्साह देखने को मिल रहा

इनेलो के विधायक एवं प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि 6 अप्रैल को ताऊ देवीलाल की पुण्यतिथि का कार्यक्रम दिल्ली में होगा जिसमें इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला शिरकत करेंगे। अभय चौटाला अपने आवास पर मीडिया कर्मियों से रूबरू हो रहे थे। इससे पूर्व अभय चौटाला पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। अभय चौटाला ने कहा कि 6 अप्रेल को ही प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक दिल्ली में आयोजित की जाएगी जिसमें हरियाणा की बाकी 9 सीटों पर उम्मीदवारों पर मंथन पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही पार्टी के सीनियर लीडरशिप बाकी सीटों पर भी अपने उम्मीदवारों की सूची जारी करेगी। उन्होंने कहा कि सिरसा सहित सभी सीटों पर इनेलो बड़े मार्जिन से जीतेगी। आज भाजपा पूरे देशभर की सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करती है लेकिन हरियाणा की 10 सीटों में से कांग्रेस के नेताओं को ही भाजपा में शामिल करवा उन्हें उम्मीदवार बनाया गया है। अभय चौटाला ने कहा कि कुरुक्षेत्र सहित हरियाणा की सभी 10 सीटों पर लोकसभा चुनाव के लिए जनता में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है और प्रदेश की जनता का समर्थन इस बार इनेलो के साथ रहेगा। अभय चौटाला ने कहा कि आज भाजपा राज से सभी दुखी हैं, इसलिए देश और प्रदेश की जनता भाजपा से छुटकारा पाना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस से दुखी होकर प्रदेश और देश के लोगों ने भाजपा को सत्ता सौंपी थी और अब भाजपा से दुखी होकर प्रदेश की जनता हरियाणा में इनेलो को सत्ता सौंपेगी। भाजपा उम्मीदवार डॉ. अशोक तंवर का फतेहाबाद में विरोध होने पर प्रतिक्रियास्वरूप कहा कि लोग तंवर का स्वागत क्यों करेंगे? उन्होंने कहा कि पिछले कई समय से भाजपा के नेता भी तो किसानों का विरोध कर रहे थे।

---

# एडीसी ने किया अनाजमंडी का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चोपटा


सिरसा। चोपटा अनाज मंडी में फसल खरीद का निरीक्षण करते एडीसी।

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने मंगलवार को चौपटा में अनाज मंडी व बूथों का निरीक्षण का प्रबंधों व सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को फसल खरीद को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंडी में बिजली, पानी, सफाई, शौचालयों आदि व्यवस्थाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को बेहतर व्यवस्था बनाए रखने के आदेश दिए। इसके उपरांत उन्होंने मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर सुविधाओं की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। दिव्यांग व बुजुर्गों मतदाताओं के लिए रैंप सुविधा, महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय, पेयजल, टेबल व कुर्सियों के साथ-साथ छांव आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मतदान केंद्रों के अंदर रोशनी के लिए बिजली की व्यवस्था करवाई जाए। दिव्यांग वोटरों की सुविधा के लिए व्हीलचेयर एवं वॉलिंटियर्स की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मतदाता को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए। मतदान केंद्रों में जहां कही भी कमी नजर आए, उसे शीघ्रता से दूर किया जाए।

---

# गालियों के निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग, पार्षद ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डबवाली


सिरसा। शिकायत करते पार्षद व वार्ड वासी। फोटो : हरिभूमि

शहर के वार्ड नंबर एक की गलीवासियों ने पार्षद अरुण कुमार के नेतृत्व में एकत्रित होकर उनके वार्ड में इंटरलॉक टाईलों से बन रही गालियों में प्रयोग किए जाने वाले मैटीरियल की मात्रा कम डालने व निम्न स्तर की टाईलें प्रयोग किए जाने पर रोष व्यक्त करते हुए नगर परिषद के चेयरमैन टेकचंद छाबड़ा की मार्फत उपायुक्त के नाम एक शिकायत पत्र सौंपा। जिसमें वार्ड पार्षद अरुण कुमार ने बताया कि उनके वार्ड की आत्माराम चक्की वाली गली, खुरमी मार्किट वाली गली, डॉ. मदान वाली गली तथा अमृतसरियों वाली गलियों को उखाड़ अब दोबारा इंटरलॉक टाईलों से बनाया जा रहा है। टाईलों के नीचे जो पत्थर डाला जा रहा है वह नाममात्र है, उसके ऊपर रेत-मिट्टी डालकर लेवल किया जा रहा है। इतना ही नहीं निम्न स्तर की टाईलें लगाई जा रहीं हैं। ये टाईलें नीचे बैठ जाएंगी। उन्होंने अरोप लगाया कि इससे सरकारी पैसे का दुरुपयोग हो रहा है, ऐसे गलियां बनाने का कोई फायदा नहीं। पार्षद अरुण कुमार के मुताबिक उन्होंने ठेकेदार, नगर परिषद के ईओ सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को मौके पर बुलाकर निर्माणकार्य व निर्माण सामग्री का निरीक्षण भी करवाया, लेकिन परिणाम शून्य ही रहा। उन्होंने बताया कि गलियों को उखाड ?र छोड़ दिया गया है। जिससे वार्डवासी परेशानी का सामना कर रहे हैं। वार्डवासी रोशन लाल आहूजा, गुलाब सिंह, गुरपाल, कृष्ण लाल, विक्की, हैप्पी, अजय, संजीव सहित कई अन्यों ने मांग की है कि संबंधित विभाग के उच्च अधिकारी से मौका मुआयना करवाकर निर्माण सामग्री का निरीक्षण करवाकर गुणवत्ता की जांच की जाए।

---

# छात्राओं ने ली मतदान करने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रानियां

- राजकीय कन्या महाविद्यालय में सेल्फी प्वांइट का आयोजन

राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. बी एस भोला के अध्यक्षता में व चुनावी क्लब प्रभारी डॉ. मंजू बाला की देखरेख में अगामी लोकसभा चुनावों को देखते हुए महाविद्यालय में सेल्फी प्वांइट का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं को मतदान की शपथ दिलवाई गई।

डॉ. बीएस भोला ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र मे अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए ये शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतंत्रिक परंपराओं की मार्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एव शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भिक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

उन्होंने कहा कि हम सभी अपने मत के महत्व को समझे व ज्यादा से ज्यादा मत का प्रयोग करके एक अच्छी सरकार का निर्माण करे। डॉ. मंजु बाला ने कहा कि लोकतंत्र सरकार सबसे अच्छी सरकार होती है।

---

# तीन माह से सीवरेज ओवरफ्लो

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

- सांसत में गलीवासी
- गली में पानी भरा होने से पैदल निकलना भी मुश्किल


सिरसा। गली में बहता सीवर ओवरफ्लो का दूषित पानी।

शहर के बेगू रोड के मेलाग्राउंड स्थित गली नंबर 8 के वाशिंदे पिछले 3 माह से ओवर फ्लो सीवरेज से नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। सीवरेज ओवरफ्लो होने से गली में भरे पानी ने गलीवासियों की जान को सांसत में डाल दिया है। गली में पानी भरा होने के कारण गली निवासियों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। गली निवासी रघुवीर शर्मा, दक्ष, मदन सैनी, संजय वर्मा, राकेश सुथार, दीपक सैनी, राजीव शर्मा, नितिन आदि ने बताया कि करीब 3 माह पूर्व इस गली को नया बनाने के लिए तोड़ा गया था। आधी गली को तोड़कर बीच में छोड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि सीवरेज को खुला छोड़ने के कारण ओवरफ्लो होने के बाद सारा गंदा पानी गली में भर जाता है, जिसके कारण पूरा दिन माहौल बदबूदार बना रहता है। गली निवासियों ने बताया कि समस्या को लेकर अनेक बार संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक किसी ने भी समस्या की ओर गौर नहीं किया।

---

# केबल संचालक की लापरवाही से मौत के विरोध में जाम


सिरसा। सिरसा-रानियां मार्ग पर जाम लगाकर बैठे ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रानियां

- आरोपी के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया

दो दिन पूर्व मोबाइल मार्केट के समीप हुए हादसे में एक युवक की मौत हो जाने से गुस्साए ग्रामीणों ने मंगलवार को एकत्रित होकर सिरसा-रानियां मार्ग पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलते ही रानियां थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर लोगों से बात की और आरोपी के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। जानकारी के अनुसार गांव नगराना के दो युवक मोबाइल मार्केट में किसी काम से आए हुए थे। इसी दौरान अचानक एक तार टूट कर उन पर गिर गई। जिससे दोनों बुरी रतह से झुलस गए। उपचार के दौरान बंटी नामक युवक की मौत हो गई तथा दूसरा युवक घायल हो गया। बंटी की मौत हो जाने के बाद ग्रामीणों ने रानियां में इकट्ठे होकर रोड पर जाम लगा दिया। राष्ट्रीय किसान मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष हरजिंदर सिंह नानुआना भी मौके पर पहुंचे। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि दो दिन पूर्व मोबाइल मार्केट के समीप बंटी व उसके साथी पर अचानक एक तार टूट कर गिर गई जोकि बाद में पता चला की बंद पड़े एक केबल संचालक की है जिसमें करंट आने से हादसा हुआ है। पुलिस ने बिना परमिशन केबल चलाने के मामले में अज्ञात केवल संचालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा मामला दर्ज किए जाने के उपरांत लोगों ने जाम खोल दिया।

---

### सीडीएलयू के 22वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# विद्यार्थी समय का सदुपयोग करके आगे बढ़ें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



सिरसा। कार्यक्रम का शुभारंभ करते कुलपति प्रो. अजमरे सिंह मलिक।

विद्यार्थियों को अपने समय का सदुपयोग एवं दिशा निर्धारित करके जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। विद्यार्थी जीवन में की हुई तपस्या जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में काम आती है। ज्ञान व शिक्षा परिवर्तन के व्यापक माध्यम हैं। ये विचार नई दिल्ली स्थित जेवियर लेबर रिलेशंस इंस्टीट्यूट (एक्सएलआरआई) के चीफ ऑफ स्ट्रेटजी एंड एचआर सरदार हरभजन सिंह ने चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के युवा कल्याण निदेशालय द्वारा विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित सीडीएलयू के 22 वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में जो भी कार्य करते हैं वह पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करें व लक्ष्य निर्धारित करते हुए जीवन में आगे बढ़ें। उन्होंने अपने जीवन से जुड़े अनेक अनुकरणीय उदाहरण उपस्थित जनों के समक्ष प्रस्तुत किए और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों को शॉर्ट एनालिसिस तथा अन्य तकनीकों के बारे में बताते हुए व्यक्तित्व विकास की विभिन्न प्रविद्धियों के बारे में विस्तार से बताया।

मुख्य वक्ता मिनिस्ट्री ऑफ रूरल डेवलपमेंट के पूर्व निदेशक डॉ. महिपाल पंवार ने भारत के पूर्व उप-प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल के जीवन की उपलब्धियों एवं वर्तमान परिपेक्ष्य में उनकी विचारधारा की परासंगिगता पर चर्चा करते हुए बताया कि किस प्रकार शोध के क्षेत्र में उच्चतर शिक्षण संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शोध का अर्थ केवल अकादमिक जगत को फायदा पहुंचाना नहीं होता बल्कि समाज हित को केंद्र में रखते हुए भी शोध विषयों का चयन किया जाना समय की मांग है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक ने की और कहा कि विश्वविद्यालय अपने उच्चतर शिक्षा के विभिन्न मानदंडों की प्राप्ति की दिशा में नित नये प्रयास कर रहा है और यहां के विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा अकादमिक, शिक्षा, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में मनवा रहे हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530209, 9315429403, 9253681005